**सृजन (हिंदी रचनात्मक लेखन समिति)**
**रिपोर्ट (जुलाई 2021- ....जारी... )**

**संयोजक: डॉ. सुषमा सहरावत**
**छात्रा अध्यक्ष: साक्षी झा**

कमला नेहरु कॉलेज की हिंदी रचनात्मक लेखन समिति 'सृजन 'द्वारा **'हिंदी दिवस 'के उपलक्ष्य में "अंतर महाविद्यालय कविता लेखन एवं वाचन प्रतियोगिता" का आयोजन 15 सितंबर 2021 को** अपराह्न 1:00 बजे से ज़ूम प्लेटफार्म पर किया गया ।
कार्यक्रम का शुभारंभ सृजन समिति की सदस्य प्रिया शुक्ला द्वारा मंगलाचरण के रूप में श्री गणेश वंदना से हुआ। इसके बाद कार्यक्रम का आगाज़ 'सृजन' समिति की संयोजक डॉ. सुषमा सहरावत द्वारा निर्णायक मंडल और सभी प्रतिभागियों के विधिवत् स्वागत से हुआ ।
प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका में राजधानी कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ.जसवीर त्यागी और गार्गी कॉलेज की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. स्वाति श्वेता उपस्थित थे।
कार्यक्रम का संचालन 'सृजन 'समिति की सदस्य साक्षी झा, अनन्या और महिमा द्वारा बखूबी किया गया।
प्रतियोगिता का परिणाम घोषित करने से पहले निर्णायक गण ड्रा. जसवीर त्यागी और ड्रा. स्वाति श्वेता ने अपने अनुभवों और कविताओं से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं को साझा किया।
प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार रहा :
प्रथम पुरस्कार- अक्षिता मिश्रा, बी.ए. (प्रोग्राम) द्वितीय वर्ष, मोतीलाल नेहरू कॉलेज
द्वितीय पुरस्कार - लक्ष्य आनंद, इतिहास (विशेष) द्वितीय वर्ष, रामजस कॉलेज
तृतीय पुरस्कार - महबूब, हिंदी (विशेष) तृतीय वर्ष, श्री वेंकटेश्वर कॉलेज
प्रोत्साहन पुरस्कार (1)- वसुंधरा पांडेय, कमला नेहरू कॉलेज
प्रोत्साहन पुरस्कार (2)- कृतिका विरवाल, मैत्रेयी कॉलेज
प्रतियोगिता में दिल्ली विश्वविद्यालय के लगभग 65 प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया और अपने कविता वाचन से सभी को प्रभावित किया।
तत्पश्चात 'सृजन' समिति के शिक्षक सदस्य डॉ. मनोज कुमार ने निर्णायक मंडल का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी।

अंत में कार्यक्रम का समापन समिति की संयोजक डॉ सुषमा सहरावत द्वारा सभी प्रतिभागियों तथा 'सृजन' समिति के कार्यकर्ताओं के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।